# पुरानी रंजिश व प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या

## सरई पुलिस ने 64 दिनों बाद सुलझाई गुत्थी, चार आरोपी गिरफ्तार

**सिंगरौली, 11 सितंबर. सरई थाना क्षेत्र के गोरा गांव निवासी पुष्पेंद्र कुमार साहू की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने करीब 64 दिनों बाद सुलझा लिया है. पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है.**

पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने आज मीडियाकर्मियों के सामने यह जानकारी साझा की. इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी देवसर-चितरंगी और सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया भी मौजूद थे. पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे पुष्पेंद्र कुमार साहू खाना खाकर अपनी पाही (एक अस्थाई निवास) सोने गया था. अगले दिन जब वह घर वापस नहीं आया और उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ था, तो परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. 19 जुलाई को पुष्पेंद्र का नरकंकाल गोरा जंगल के खरहरी नाले में मिला, जो घटनास्थल से करीब 4 किलोमीटर दूर था. डीएनए परीक्षण के बाद 5 सितंबर को यह पुष्टि हुई कि कंकाल लापता पुष्पेंद्र कुमार साहू का ही है.



### आरोपियों ने ऐसे दिया था घटना को अंजाम

एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी और सरई थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया के अनुसार, आरोपियों रावेन्द्र साहू और धीरज साहू से पूछताछ के दौरान पता चला कि उन्होंने एक महीने पहले ही पुष्पेंद्र की हत्या की योजना बना ली थी. 6 जुलाई की रात जैसे ही पुष्पेंद्र अपनी मोटरसाइकिल से पाही वाले घर के पास पहुंचा, वहां छिपे चारों आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गमछे से गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई. इसके बाद आरोपी रावेन्द्र, विजय और रामकुमार शव को गोरा जंगल के खरहरी नाले में ले गए और वहां गड्ढा खोदकर गाड़ दिया. धीरज साहू ने पुष्पेंद्र का मोबाइल घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर सरई के पेड़ के नीचे और चप्पल को पुराने ईंट भट्ठे पर छिपा दिया था. सरई पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी रावेन्द्र साहू (पिता स्व. सुमारू साहू), धीरज कुमार साहू (पिता धनेश साहू), रामकुमार साहू (पिता रामकरण साहू) और विजय साहू (पिता दीनानाथ साहू), सभी निवासी गोरा गांव को गिरफ्तार कर लिया गया है. रामकुमार साहू और विजय साहू 29 अगस्त को विंध्यनगर थाना क्षेत्र के एक अन्य अपराध में पचौर जेल में बंद थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किया गया गमछा, मोटरसाइकिल, फावड़ा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं.

# एक दशक बाद सड़क निर्माण का रास्ता साफ

- सीधी-सिंगरौली एनएच-39 के लिए 396 करोड़ का टेंडर
- भारी बारिश और पहाड़ी मार्ग से सड़क की हालत खराब



**सीधी, 11 सितंबर. राष्ट्रीय राजमार्ग 39 सीधी-सिंगरौली के निर्माण के लिए 396 करोड़ का टेंडर जारी कर दिया गया है. सीधी सांसद राजेश मिश्रा के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट के बाद यह टेंडर जारी हुआ है, जिससे सड़क निर्माण का रास्ता साफ हो गया है.**

गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 39 सीधी-सिंगरौली का फोरलेन निर्माण कार्य एक दशक से भी ज्यादा समय बाद भी पूरा नहीं हो सका है. बारिश के दिनों में सड़क की हालत खराब हो जाती है. सड़क का निर्माण कार्य काफी चुनौतीपूर्ण हो चुका है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरने के कारण. सड़क निर्माण का काम निर्धारित समय से काफी ज्यादा गुजर जाने के कारण भाजपा सरकार हमेशा विरोधी दलों के निशाने पर रहती है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी सदन में इस बात को लेकर खेद व्यक्त कर चुके हैं कि इस मार्ग का निर्माण काफी प्रयासों के बाद भी पूरा नहीं हो पा रहा है. सीधी सांसद राजेश मिश्रा द्वारा सड़क निर्माण को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे.

### निगरानी की जरूरत

सड़क की दुर्दशा सुधारने लगातार निगरानी की जरूरत है. सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर आकर निगरानी करनी चाहिए. बारिश में सड़क की हालत आवागमन के लायक बनी रहे, इसके लिए भी आवश्यक कार्य होना चाहिए. खासतौर से कुबरी-बहरी खंड में तत्काल गड्ढे भरकर सड़क की मरम्मत की जाए. सड़क के किनारे पानी निकासी की उचित व्यवस्था बने व भविष्य में बेहतर क्वालिटी नियंत्रण और निगरानी सुनिश्चित हो. सांसद राजेश मिश्रा ने बताया कि मैंने नई दिल्ली में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर सीधी-सिंगरौली सड़क मार्ग एनएच-39 के संदर्भ में चर्चा कर शीघ्र टेंडर किए जाने का अनुरोध किया था.

## कॉलेज की छात्रा पर चाकू से जानलेवा हमला

**दमोह.** कमला नेहरू महिला महाविद्यालय की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर गले में चाकू मारकर बुरी तरह घायल करने का मामला सामने आया है. दोनों छात्राएं फाइनल ईयर में पढ़ रही हैं और जबेरा थाना क्षेत्र की बताई गई हैं.

यह घटना शहर के उत्कृष्ट विद्यालय के पास हुई. घायल छात्रा को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया. उपचार के बाद सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. सीएसपी एचआर पांडे और टीआई मनीष कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों छात्राओं से जानकारी लेकर आरोपियों पर मामला दर्ज किया है.

# हादसे में मजदूर की मौत के बाद हंगामा

**ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर चक्का जाम और बस में लगाई आग**



**नीमच, 11 सितंबर. जिले के रामपुरा के पास स्थित खिमला प्लांट में एक बस ने बाइक पर सवार तीन मजदूरों को टक्कर मार दी, जिससे एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए.**

यह घटना गुरुवार सुबह 9.30 बजे की है. इस हादसे के बाद, मृतक मजदूर के परिजनों और अन्य ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. सुबह 11.30 बजे, ग्रामीणों ने अमरपुरा में चक्का जाम कर दिया और हादसे वाली बस में तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया. पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन पिछले 6 घंटों से प्रदर्शन जारी है. आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने ग्रीन-को प्रोजेक्ट के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है. लोगों का कहना है कि खिमला प्लांट में यह पहला हादसा नहीं है और पहले भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है, फिर भी अधिकारियों ने कोई सख्त कदम नहीं उठाए हैं. खिमला प्लांट में काम करने जा रहे लच्छू राम रावत, गोविंद रावत और अनिल मीणा की बाइक को बस ने टक्कर मार दी. इस हादसे में लच्छू राम रावत की मौके पर ही मौत हो गई.

# जखोदा गांव में अवैध रेत का उत्खनन पकड़ा

- आरोन क्षेत्र में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई
- वाहन जब्त करने का प्रयास विफल, ग्रामीणों का विरोध
- ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइड्रा जब्त कर थाने ले गई पुलिस



**आरोन, 11 सितंबर. गुना जिले की आरोन तहसील में खनिज विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अवैध रेत उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई की.**

टीम जब मौके पर पहुंची तो अवैध उत्खनन कर रहे लोग कार्रवाई की भनक लगते ही ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर भाग गए. प्रशासन ने तत्काल स्थिति का जायजा लिया और अवैध उत्खनन से जुड़े साक्ष्य एकत्रित किए. संबंधित ट्रैक्टर को जब्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, बीते शाम करीब 4.30 बजे प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, नायब तहसीलदार अमित कुमार जैन, खनिज अधिकारी सजिन वर्मा और सुरक्षाकर्मियों के साथ जखोदा गांव की सिंद नदी पहुंचे. यहां टीम को मौके पर एक लाल रंग का आईशर ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइड्रा (ट्रैक्टर लोडर) अवैध रेत भरते हुए मिले.

जखोदा गांव के जाकिर खान और शाबिर खान उर्फ कल्ला के साथ करीब 10-12 लोग मौके पर पहुंच गए. इन लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों को धक्का देकर शासकीय कार्य में बाधा डाली व बलपूर्वक ट्रैक्टर-ट्रॉली व हाइड्रा को छुड़ाकर भगा ले गए. ग्रामीणों ने जब्त ट्रॉली के टायर तक खोल लिए जिससे टीम वाहन नहीं ले जा सकी. प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय चक्रवर्ती ने थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए बताया कि ग्रामवासियों ने न केवल अवैध उत्खनन में पकड़े गए वाहनों को छुड़ाया बल्कि शासकीय कार्य में गंभीर बाधा भी उत्पन्न की.

# अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**निगमायुक्त ने लंबित कार्यों का संज्ञान लिया**

**पीएम आवास की लंबित डीपीआर का निपटारा करें**

**सिंगरौली, 11 सितंबर. नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने घोषणा की है कि अब हर बुधवार को राजस्व, निर्माण और स्वास्थ्य विभाग की विस्तृत समीक्षा की जाएगी.**

सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में, निगमायुक्त ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने पीएम आवास के लंबित डीपीआर की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को तुरंत इनका निपटारा करने के निर्देश दिए. शहर में आवारा मवेशियों की समस्या पर ध्यान देते हुए, निगमायुक्त ने देवरा में संचालित गौशाला के चारों ओर बाड़ लगाने और गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा और पानी की व्यवस्था करने को कहा. उन्होंने एक दल गठित कर रात के समय सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए. साथ ही, उन्होंने पशु चिकित्सक से संपर्क कर गौशाला में रखे गए मवेशियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी सुनिश्चित करने को कहा. आयुक्त ने शहर के मुख्य मार्गों पर किए गए.

### उपयंत्रियों के कार्यों की हर माह होगी समीक्षा

निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी सीएम हेल्पलाइन का प्रकरण 100 दिन से ज्यादा लंबित न रहे और उनका तत्काल निराकरण किया जाए. उन्होंने जनसुनवाई के लंबित मामलों का समय पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को भी कहा. उन्होंने निविदा समिति की सभी लंबित नस्तियों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने सभी उपयंत्रियों को उनके द्वारा प्रतिदिन करने वाले कार्यों को डायरी में लिखने को कहा और बताया कि माह के अंत में उनके द्वारा किए कार्यों की समीक्षा की जाएगी.

# महिला यात्री के बैग से निकले रेलवे के चादर और कंबल

**जबलपुर, 11 सितंबर. सोमनाथ से चलकर जबलपुर आने वाली ट्रेन में कोच बी-4 में उस समय हंगामा हो गया, जब एसी-3 कोच से 16 चादरें और एक कंबल गायब हो गए.**

जब जांच शुरू हुई तो सीट संख्या 44 पर यात्रा कर रही एक महिला के बैग से चादर और कंबल बरामद किए गए. कोच अटेंडेंट ने जब इसकी सूचना जबलपुर में दी, इससे पहले ही महिला यात्री श्रीधाम स्टेशन पर उतरकर चली गई. इस घटनाक्रम का एक वीडियो भी वायरल हो रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि गाड़ी संख्या 11463 सोमनाथ-जबलपुर एक्सप्रेस के बी-4 कोच में कोच अटेंडेंट जबलपुर आने से पहले यात्रियों को दिए जाने वाले लिनेन को जमा कर रहे थे, तो उन्हें बी-4 कोच में गिनती में 16 चादरें और 1 कंबल कम मिले. जांच में एक महिला के बैग से 11 सफेद चादरें और 1 कंबल एक-निकाले.



# जल्द निपटाएं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण

## समाधान ऑनलाइन के एजेंडा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों का निराकरण के निर्देश

**रीवा, 11 सितंबर कमिश्नर बी.एस. जामोद ने अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन के एजेंडा बिंदुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को तुरंत निपटाने के निर्देश दिए हैं.**

कमिश्नर ने कहा कि सितंबर महीने के लिए निर्धारित एजेंडा बिंदुओं में राशन कार्ड और पात्रता पर्ची जारी करने, लाड़ली बहना योजना की राशि का भुगतान, और मेडिकल कॉलेज में प्रसूति सहायता के लंबित भुगतान के आवेदन शामिल हैं. इसके अलावा, एजेंडा में किसान क्रेडिट कार्ड, संबल योजना का लाभ देने में सरकारी पोर्टल के उपयोग में हो रही असुविधा, छात्रवृत्ति और शिष्यवृत्ति का भुगतान न होने, शहरी क्षेत्रों में सड़कों और नालियों की सफाई, ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजना से पानी की आपूर्ति में बाधा, और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों के पंजीकरण एवं राशि के भुगतान से संबंधित आवेदन भी शामिल हैं. कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को इन लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निपटारे के लिए विशेष प्रयास करने को कहा है. उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों पर उचित कार्यवाही करके एक सप्ताह के भीतर लंबित मामलों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए.



# आरओबी निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त एवं तेजी से किए जाएं : कलेक्टर

**अनूपपुर, 11 सितंबर. कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनता के हित और जिले के विकास को ध्यान में रखते हुए रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए.**

मैनपावर और मशीनरी बढ़ाते हुए कार्यों को गंभीरता और गुणवत्ता के साथ तेजी से संपन्न किया जाए. उन्होंने निर्माण सामग्रियों को व्यवस्थित ढंग से रखने के भी निर्देश दिए. उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर को कार्य की नियमित मॉनिटरिंग कर प्रतिदिन प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी और संविदाकार भी उपस्थित रहे.

## स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा स्वच्छोत्सव के रूप में मनाया जाएगा

**रीवा.** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा. इस पखवाड़े की मुख्य थीम स्वच्छोत्सव तय की गई है. प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि पखवाड़े का शुभारंभ 17 सितंबर को किया जाएगा. इस दिन जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों और जल संरचनाओं में सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. इसके साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में भी विशेष सफाई कराई जाएगी. पखवाड़े के दूसरे दिन 18 सितंबर को लोगों को घरों से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके उसे कचरा वाहन को देने के लिए जागरूक किया जाएगा. सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए 19 सितंबर को हाट बाजारों, धार्मिक स्थलों और अन्य प्रमुख स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

# मंडला के कान्हा टायगर रिजर्व में शिकारी गिरोह धराया

- जहर की पुड़िया और कुल्हाड़ी जब्त

**मंडला, 11 सितंबर. कान्हा टायगर रिजर्व के सरही कोर जोन में वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से कुल्हाड़ी, जहर की पुड़िया और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई.**

जानकारी के मुताबिक, परिक्षेत्र सरही के बीट सौंफ कक्ष क्रमांक 673 स्थित बंदरीछापर क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर वन अमले ने दबिश दी. इस दौरान मौके से चार आरोपियों सुद्धूसिंह वल्द पुनवा तिलगांम (51 वर्ष), रमेश वल्द सुकलासिंह धुर्वे (40 वर्ष), पनसूसिंह वल्द मंगलसिंह कुशराम (53 वर्ष) और कृष्णकुमार उर्फ टिल्लू वल्द लखन यादव (39 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया. ये सभी आरोपी वनग्राम किसली, पोस्ट किसली भिलवानी, तहसील बिछिया, जिला मंडला के निवासी बताए जा रहे हैं. आरोपियों के पास से एक नग कुल्हाड़ी, पाँच नग जहर की पुड़िया, एक माचिस और छापर की मिट्टी जब्त की गई है. वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21525/5 दिनांक 10 सितंबर 2025 दर्ज कर सभी आरोपियों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया.

# सड़कों पर धमाचौकड़ी मचा रहे आवारा गौवंश

## कलेक्टर के आदेश के बावजूद नगर निगम अनदेखी कर रहा

**सब्जी मंडी और बाजारों में गौवंशों की दहशत**

**रीवा, 11 सितंबर. गौवंश को लेकर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का कहीं पालन नहीं हो रहा है. ग्रामीण क्षेत्रों की बात तो दूर, शहर के अंदर भी आवारा गौवंश सड़कों पर आराम फरमा रहे हैं. नगर निगम को यह गौवंश दिखाई नहीं दे रहे हैं.**

कलेक्टर के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. सड़कों पर आए दिन गौवंश हादसों का शिकार हो रहे हैं, फिर भी प्रशासन की नींद नहीं टूट रही है. उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने आदेश जारी किया था कि सड़कों में घूमने वाले गौवंशों को गौशाला या सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए और यह जिम्मेदारी नगर निगम, नगर परिषद एवं पशुपालन विभाग को दी गई. लेकिन, आदेश केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है. गौवंश हाईवे और शहर की सड़कों पर घूम रहे हैं. इतना ही नहीं, कई सांड ऐसे हैं जो लोगों पर हमला बोल रहे हैं. पूर्व में एक बैल के हमले से कैलाशपुरी में एक वृद्ध की मौत भी हो गई थी, उसके बाद भी नगर निगम प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया. खुलेआम सड़कों पर बैल घूम रहे हैं और हर दिन किसी न किसी को शिकार बना रहे हैं.



शहर के अंदर आवारा गौवंशों को पकड़ने के लिए नगर निगम की गाड़ी घूमती नजर आती है, लेकिन उन्हें भी ये आवारा गौवंश दिखाई नहीं देते हैं. सब्जी मंडी, गुड़हाई बाजार, प्रकाश चौराहा से निकलना मुश्किल होता है. सुबह-शाम यहां गौवंश डेरा जमाए बैठे रहते हैं. सिरमौर चौराहे में भी यही हाल है, जहां गौवंशों की धमाचौकड़ी रहती है. सब्जी मंडी से लेकर मुख्य बाजारों में सैकड़ों की संख्या में आवारा गौवंश धमाचौकड़ी मचा रहे हैं.

**बैठक** — किसानों के लिए खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

# उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने विकास कार्यों की समीक्षा की

**बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण जनवरी तक पूरा होगा**

**आरओबी अक्टूबर, नहर ब्रिज नवंबर तक तैयार होंगे**

**सड़क किनारे सर्विस रोड बनाने के निर्देश दिए गए**



**रीवा, 11 सितंबर. उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गुरुवार को रीवा में कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं और योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए.**

उन्होंने बेला-सिलपरा रिंग रोड के निर्माण, खाद की उपलब्धता और मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया. उपमुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा रिंग रोड के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि इसका लोकार्पण केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से कराया जा सके. एनएचएआई के अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कि बताया आरओबी का कार्य अक्टूबर तक, नहर के ऊपर ब्रिज का कार्य नवंबर तक और बीहर नदी पर फोरलेन ब्रिज/सड़क का कार्य अक्टूबर के अंत तक पूरा हो जाएगा. पूरे 13 किलोमीटर के रिंग रोड का काम जनवरी 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है. उपमुख्यमंत्री ने सड़क किनारे सर्विस रोड बनाने के भी निर्देश दिए.

### खाद वितरण की व्यवस्था सुचारू करने निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी भी ली. उन्होंने अधिकारियों से किसानों के लिए खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने बताया कि जल्द ही खाद की दो रैक प्राप्त होंगी, जिन्हें डबल लॉक केंद्रों और सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित किया जाएगा. वर्तमान में भी डबल लॉक केंद्रों और समितियों में उपलब्ध यूरिया का वितरण जारी है. वहीं उत्कृष्ट मार्तंड उमावि क्रमांक एक में आयोजित एक समारोह में उपमुख्यमंत्री ने जिले के 177 प्रतिभावान विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्कूटी वितरित की. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है और शिक्षा जीवन भर सद्गुणों का फल देने वाला वृक्ष है. उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन पर ध्यान देने, नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा का सकारात्मक कार्यों में उपयोग करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि रीवा का तेजी से विकास हो रहा है और रीवा एयरपोर्ट से 2 अक्टूबर से दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें शुरू हो रही हैं.

## बीस हजार रुपए की रिश्वत लेते सहायक यंत्री को किया गिरफ्तार

**मंडला, 11 सितंबर.** जबलपुर लोकायुक्त ने मंडला के जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में कार्रवाई करते हुए सहायक यंत्री नरेंद्र गुप्ता को बीस हजार रुपये की पहली किश्त लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया. यह कार्रवाई रोशन कुमार तिवारी की शिकायत के बाद की गई. तिवारी ने बताया कि उनकी फर्म बोरिंग बिल्डर्स ने वर्ष 2024 में आदिवासी जनजातीय विभाग में मरम्मत और रखरखाव का काम किया था, जिसके बिल के भुगतान के लिए सहायक यंत्री नरेंद्र कुमार गुप्ता 56,000 रुपये की रिश्वत मांग रहे थे. आरोपी को आज 20,000 रुपये लेते हुए पकड़ा गया.

# ट्रक में ठूंस-ठूंसकर ले जा रहे थे मवेशी, कई ने तोड़ा दम



**जबलपुर, 11 सितंबर.** ट्रक में ठूंस-ठूंसकर मवेशी ले जाए जा रहे थे. क्रूरता के चलते कई मवेशी दम तोड़ दिए. बरगी पुलिस ने तिनसी के पास घेराबंदी कर मवेशियों से लदे एक ट्रक को जब्त किया है. चालक पुलिस को चकमा देकर भाग गया. पुलिस ने तत्काल पशु चिकित्सकों को बुलाकर जीवित मवेशियों का प्राथमिक उपचार करवाया और सुरक्षित गौशाला में भेजा.